# कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रमांक/एफ–20/1/सा.प्र.वि./विविध/2025/623 भिलाई, दिनांक 12/4/25

//आदेश//

नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रान्तर्गत स्थित उद्यानों की साफ–सफाई, रख–रखाव पानी डालने आदि कार्य हेतु कार्यालयीन आदेश क्रमांक 1026 दिनांक 15.01.2025 के द्वारा श्रीमती बिंदा बाई, सफाई कामगार की ड्यूटी लगायी गई है। दिनांक 19.04.2025 को सेक्टर 2 स्थित संत गुरु घासीदास उद्यान एवं संत करतार सिंह उद्यानों का निरीक्षण किया गया, पौधें पानी नही मिलने से सूखे हुए पाये गये तथा कर्मचारी श्रीमती बिंदा बाई, सफाई कामगार अपने कार्य स्थल पर अनुपस्थित पायी गयी। पूर्व में कार्यालयीन पत्र क्रं. 343 दिनांक 28.02.2025 के द्वारा स्पष्टीकरण पत्र जारी किया गया है तथा चेतावनी के बावजूद भी उनके कार्य व्यवहार में कोई सुधार नही हुआ है। उच्चाधिकारियों द्वारा सौपें गये कार्यो का निवर्हन नही किया जाना तथा कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कर कार्यस्थल में अनुपस्थित रहने से गार्डन अस्त–व्यस्त होने से निगम की छबि खराब हुई है, जो कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक है तथा छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के (1)(2)(3) के विरूद्ध का आचरण है।

अतः उपरोक्त कृत्य के लिए **श्रीमती बिंदा बाई, सफाई कामगार** को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच संस्थित किया जाता है। निलंबन अवधि में मुख्यालय जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर में रहेगा। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र/एफ–20/1/सा.प्र.वि./विविध/2025/624 भिलाई, दिनांक 12/4/25

प्रतिलिपि :–

1. महापौर/अध्यक्ष, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. अधीक्षण अभियंता 1/2 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. उपायुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 एवं 2 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. कार्यपालन अभियंता उद्यान, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. सहायक कार्यालय अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
9. प्रभारी स्थापना लिपिक, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को निगम भिलाई की वेबसाईट में अपलोड हेतु सूचनार्थ।
11. **श्रीमती बिंदा बाई, सफाई कामगार नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ ।**

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

Scanned with CamScanner